Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
WAVES WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT Connecting Creators, Connecting Countries.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वेव्स 2025 से पहले समाचार मीडिया संगठनों के साथ विचार-विमर्श किया

## वेव्स उद्योग द्वारा संचालित है; सरकार प्रेरक के रूप में है- श्री अश्विनी वैष्णव

## भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक प्रतिक्रिया: 1 लाख से अधिक पंजीकरण, 750 शीर्ष स्तरीय रचनाकार अपने कार्य का प्रदर्शन करेंगे

## वेव्स बड़े पैमाने पर रचनात्मक समाधानों के लिए रचनाकारों, खरीदारों और बाजारों के बीच एक वैश्विक कनेक्टर के रूप में उभर रहा है: केंद्रीय मंत्री

Posted On: **19 APR 2025 7:03PM** | Location: **PIB Delhi**

रचनाकारों की दुनिया और उनकी अर्थव्यवस्था एक मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में 1 से 4 मई तक होने वाले पहले विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन से पहले आज समाचार मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही। इस दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार मीडिया के लगभग 20 मीडिया घरानों ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री महोदय ने चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ, पुराना मॉडल नए मॉडल के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जिससे अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया जगत का स्वरूप बदल रहा है और नए मॉडल के लिए प्रतिक्रिया देने के लिए पूरे देश की सामूहिक आवश्यकता है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि वे दिन गए जब कंटेंट बनाने के लिए बड़े स्टूडियो की आवश्यकता होती थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड या केरल के किसी सुदूर गांव का कोई भी क्रिएटर अच्छी गुणवत्ता वाली रचना तैयार कर सकता है और उसे लाखों व्यूज मिल सकते हैं।



श्री वैष्णव ने कहा कि रचनाकारों की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री महोदय ने कहा कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की सॉफ्ट पावर को प्रोत्साहन देकर रचनाकारों के काम और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह दावोस आर्थिक नीतियों के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, वैसे ही वेव्स स्वयं को मीडिया और मनोरंजन के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में विकसित करना चाहता है।

वेव्स 2025 के लिए 1 लाख से अधिक पंजीकरणों के साथ, भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भारी प्रोत्साहन मिला है। शीर्ष नवप्रवर्तकों को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, जो विकसित वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में उनके योगदान का उत्सव मनाएंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि हम दुनिया को अपने रचनाकारों से जोड़ने का एक माध्यम खोज रहे हैं। केंद्रीय मंत्री महोदय ने कहा कि वेव्स बडे पैमाने पर रचनात्मक समाधानों के लिए रचनाकारों, खरीदारों और बाजारों के बीच एक वैश्विक कनेक्टर के रूप में उभर रहा है। वेव्स के माध्यम से, खरीदारों और विक्रेताओं को एक मंच मिल रहा है, जहाँ रचनाकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर सकते हैं और कंपनियां गुणवत्तापूर्ण रचनात्मक कार्य प्राप्त कर सकती हैं।

इस संवाद में भाग लेते हुए, विभिन्न मीडिया संगठनों के प्रमुखों ने नीति निर्माताओं, रचनाकारों, उद्योग जगत के दिग्गजों, प्रौद्योगिकी दिग्गजों और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाने के लिए वेव्स के रूप में एक नई अवधारणा प्रस्तुत करने के लिए सरकार को बधाई दी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू ने सभी प्रतिभागियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और मीडिया परिदृश्य के भविष्य को आकार देने में सामूहिक संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न मंचों पर हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता पर बल दिया और वेव्स 2025 की अगुवाई में मीडिया संगठनों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

***

**एमजी/आरपीएम/केसी/एमकेएस/डीए**

**Release ID:** (Release ID: 2122957) | **Visitor Counter:** 521

Read this release in: Odia , English , Gujarati , Urdu , Marathi , Nepali , Assamese , Punjabi , Tamil , Telugu , Kannada , Malayalam

Print Page Download PDF